


सांध्य दैनिक

# 4PM

अगर आप अपनी जिंदगी से प्यार करते हैं तो वक्त मत बर्बाद करें, क्योंकि वह वक्त ही है जिससे जिंदगी बनी होती है।
-ब्रूस ली





मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 10 ● अंक: 23 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शनिवार, 24 फरवरी, 2024



रूट के 31वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड... 7 | धरना व आंदोलन से बनेगा सत्ता... 3 | न्याय यात्रा में दिखेगी विपक्षी... 2


# बीजेपी केवल मुद्दों से ध्यान भटका रही, सजग रहें लोग : राहुल गांधी

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची मुरादाबाद, भाई को मिला बहन प्रियंका का साथ

» कांग्रेस का मोदी सरकार पर जोरदार हमला

» बोले- नफरत को मोहब्बत से जीतना है, 90 प्रतिशत को कोई भागीदारी नहीं मिली

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुरादाबाद। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले कमर कस ली है। कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बीजेपी और मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा सत्ता पक्ष द्वारा पूरे भारत में मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से शुरू की। पद यात्रा मुरादाबाद के जामा मस्जिद चौराहे से संभल चौराहे तक शुरू हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमें मोहब्बत से देश को जीतना है। राहुल ने कहा के देश में ध्यान भटकाने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक की भागीदारी देश में सबसे कम है।

हर बड़ी कंपनी में ओबीसी की संख्या कम है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि देश सबका, भागीदारी भी सबकी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता। राहुल गांधी ने कहा कि यही है बीजेपी का सिस्टम, एक आदमी बॉलीवुड, सर्जिकल स्ट्राइक की बात करके आपका ध्यान भटकाएगा। इस बीच अमित शाह नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में 50प्रतिशत पिछड़े, 15प्रतिशत अल्पसंख्यक, 15प्रतिशत दलित और 8प्रतिशत आदिवासी हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इन 90प्रतिशत लोगों की इस देश में कितनी भागीदारी है, इनमें से कितने मीडिया में हैं, कोई नहीं..। आप उन्हें मनरेगा की सूची में देखेंगे लेकिन बड़ी कंपनियों, उच्च न्यायालयों, मीडिया में नहीं। पीएम मोदी कहते हैं, हिंदुस्तान सबका है, ये सबका हिंदुस्तान कैसा है? यदि 90 प्रतिशत को कोई भागीदारी नहीं मिल रही है।



## बीजेपी की सरकार बनते ही बेरोजगारी दर बढ़ गई : प्रियंका

कांग्रेस प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि 28 लाख छात्रों ने यूपी पुलिस के लिए परीक्षा दी, लेकिन पेपर लीक हो गया... केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार बनते ही बेरोजगारी दर बढ़ गई है... जब तक नौकरी नहीं मिलती, सुविधाएं नहीं मिलती, पेपर लीक हो जाता है रोका नहीं गया तो विकास नहीं होगा। परिवर्तन तभी होगा जब आप अपने अनुभव के अनुसार वोट डालेंगे। यात्रा जब मुरादाबाद की सड़कों पर आगे बढ़ी तो विभिन्न क्षेत्रों के लोग वहां मौजूद थे।'' खुली जीप में सवार दोनों नेताओं का उनके समर्थकों ने स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'राहुल गांधी जिंदाबाद', 'प्रियंका गांधी जिंदाबाद' और 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस बीच राहुल और प्रियंका जनता का अभिवादन करते नजर आए।

## अखिलेश यादव कल आगरा में जुड़ेंगे



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में यात्रा में शामिल होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि 26 फरवरी से एक मार्च तक यात्रा को कुछ दिन रोका जाएगा ताकि राहुल गांधी 27 फरवरी और 28 फरवरी को ब्रिटेन स्थित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दो विशेष व्याख्यान देने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को पूरा कर सकें और वह नयी दिल्ली में अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में भाग ले सकें।

# आप व कांग्रेस में बनी बात

» दिल्ली में 4 पर आप 3 सीट पर लड़ेगी कांग्रेस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इनमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल हैं। वासनिक ने कहा कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ कांग्रेस और आप के बीच गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में सीट बंटवारे की घोषणा हुई।



## ऐसे हुआ सीटों का बंटवारा

दिल्ली (सात सीट) : कांग्रेस- 3 और आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। गुजरात (26 सीट) : कांग्रेस 24 और आप 2 (भरूच और भावनगर में) पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा (10 सीटें) : कांग्रेस 9 और आप 1 (कुरुक्षेत्र) पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ में कांग्रेस अकेली सीट पर चुनाव लड़ेगी। गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## 'आलाकमान के आदेश का पालन होगा'

दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इस बार कांग्रेस और आप लोकसभा चुनाव 2024 एक साथ लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन के एक हिस्से के रूप में हमने पहले भी कहा था कि हम आलाकमान के आदेश का पालन करेंगे। आने वाले समय में हमें सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

## पंजाब और चंडीगढ़ में गठबंधन नहीं

हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है। दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी। चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। हरियाणा में नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी।

# न्याय यात्रा में दिखेगी विपक्षी एकता : राय

## » कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का दावा - शामिल होंगे बसपा सांसद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा कई मायने में अहम है। इस यात्रा में विपक्ष की पूरी एकजुटता दिखेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण में विपक्ष की लामबंदी दिख रही है। शनिवार को मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा में प्रियंका गांधी के साथ ही बसपा सांसद श्याम सिंह यादव सहित कई अन्य नेता भी शामिल होंगे।

शनिवार को प्रियंका गांधी मुरादाबाद में मौजूद रहेंगी। जौनपुर से बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव , दानिश अली सहित कई बसपा नेता इस यात्रा में शामिल होंगे। बसपा सांसद दानिश अली को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाने की तैयारी कर ली है। लोकदल के राष्टीय अध्यक्ष सुनील सिंह भी अपने पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहेंगे। 25 को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। 24 को यात्रा मुरादाबाद से शुरू होकर अमरोहा के रास्ते बुलंदशहर तक जाएगी, जबकि 25 को यह यात्रा आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी।

## सात साल बाद ताजनगरी में साथ दिखेंगे अखिलेश-राहुल

**लोकदल भी रैली से जुड़ेगा**

उत्तर प्रदेश की धरती पर सात साल बाद 25 फरवरी को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी साथ दिखेंगे। दोनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिये आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संदेश भी देंगे। आगरा में टेढ़ी बगिया स्थित आंबेडकर प्रतिमा से दोनों नेता एक किमी पैदल यात्रा के बाद 10-12 किमी का सफर खुली जीप से तय करेंगे। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सपा ने बृहस्पतिवार को ही विधान परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर को आगरा भेज दिया गया है। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में 'यूपी को यह साथ पसंद है' के नारे के साथ अखिलेश और राहुल एक मंच पर आए थे। एक समाजवादी नेता ने बताया कि अब तक कांग्रेस की यात्रा में जितनी भीड़ जुटी है, उससे कई गुना ज्यादा लोग जुटाने की तैयारी है। ताकि, कांग्रेस को यह अहसास कराया जा सके कि सपा के साथ आने से साझी ताकत में जबरदस्त वृद्धि होगी। साथ ही आम मतदाताओं को भी यह संदेश देने का प्रयास है कि इंडिया गठबंधन ही यूपी में एनडीए को टक्कर दे सकता है। राहुल गांधी अलीगढ़ और हाथरस होते हुए आगरा पहुंचेंगे, जबकि, अखिलेश यादव आगरा में न्याय यात्रा में शामिल होंगे। यहीं से यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी।



### सामाजिक विषमता के खिलाफ लड़े संत गाडगे : अखिलेश

सपा मुख्यालय पर संत गाडगे की 148वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक विषमता और अंधविश्वास के खिलाफ संत गाडगे समाज को बराबर जागरूक करते रहे। वे अस्पृश्यता और जाति प्रथा के भी विरोधी थे। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी प्रो. बी पांडेय, अरविंद कुमार सिंह, राजीव राय, व्यासजी गोंड समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कल फिर विधायकों का मन टटोलेंगे जयंत

## » राज्यसभा चुनाव : मथुरा आवास पर बुलाई बैठक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सभी दल एक-दूसरे में सेंध लगाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस बीच रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 25 फरवरी को अपने मथुरा स्थित आवास पर विधानमंडल दल की बैठक बुलाई है। राज्यसभा चुनाव में मतदान होना तय हो गया है। ऐसे में भाजपा और सपा दोनों अपने सहयोगियों को साधने के साथ-साथ दूसरे दल में भी सेंधमारी की कवायद में लगे हुए हैं। इसमें रालोद के विधायकों पर भी निगाह लगी हुई है।

यही वजह है कि भाजपा के साथ आने के निर्णय के कुछ दिन बाद ही जयंत ने अपने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाकर मुलाकात की थी। इस बीच उन्होंने दोबारा 25 फरवरी को विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें पार्टी के सभी विधायकों को उपस्थित रहने को कहा गया है। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार वह बैठक में राज्यसभा चुनाव में निर्धारित प्रत्याशी को मतदान करने के निर्देश देंगे।

# विधानसभा में आप रखे कैग की रिपोर्ट : एलजी

## » उपराज्यपाल ने सीएम केजरीवाल को लिखी चिट्ठी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की पांच रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा की पटल पर रखने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। इस संबंध में दिल्ली सरकार ने जल्द ही सदन के पटल पर रिपोर्ट रखने की बात कही है। पत्र में उपराज्यपाल ने कहा है कि पांचों रिपोर्ट लंबे समय से दिल्ली सरकार के पास लंबित हैं। मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और दिल्ली सरकार जल्द इस पर कदम उठाएं।

संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत उपराज्यपाल का यह सांविधानिक दायित्व है कि वह कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के समक्ष रखकर सार्वजनिक करें। पांचों रिपोर्ट राज्य के वित्त से संबंधित हैं, जो अगस्त 2023 से ही वित्त मंत्री के विचार के लिए लंबित हैं। यह रिपोर्ट सरकार के कामकाज के तरीके में भी सुधार करने में भी मददगार होती हैं।

# मुसलमान केवल शरीयत का पालन करेंगे : हसन

## » असम में खत्म हुए मुस्लिम शादी एक्ट पर सपा सांसद ने दी प्रतिक्रिया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को निरस्त करने की हिमंत बिस्व सरमा सरकार की मंजूरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद एसटी हसन ने शनिवार (24 फरवरी) को कहा कि मुसलमान केवल शरीयत और कुरान का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, इस पर इतनी चर्चा करने की जरूरत नहीं है, मुसलमान शरीयत और कुरान का पालन करेंगे। वे (सरकार) जितने चाहें उतने अधिनियमों का मसौदा तैयार कर सकते हैं। हर धर्म के अपने-अपने रीति-रिवाज होते हैं।

इनका पालन हजारों वर्षों से किया जा रहा है। उनका अनुसरण जारी रहेगा। वहीं, कांग्रेस नेता अब्दुर रशीद मंडल ने इसे भेदभावपूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर यह असम की कैबिनेट का एक भेदभावपूर्ण निर्णय है क्योंकि सरकार यूसीसी और बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के बारे में बात कर रही थी लेकिन वे अज्ञात कारणों से ऐसा करने में विफल रहे (यूसीसी लाने और बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने)। उन्होंने आगे कहा, इस अधिनियम को ये कहकर रद्द कर देना कि यह स्वतंत्रता-पूर्व का अधिनियम है और बाल विवाह का हवाला देना जो कि तथ्य नहीं है। चुनाव से ठीक पहले, वे कुछ इलाकों में मुसलमानों को वंचित और भेदभाव करके हिंदू मतदाताओं को बीजेपी के पक्ष में ध्रूवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मुसलमानों के विवाह को पंजीकृत करने का यह एकमात्र तंत्र है और इसके अलावा कोई अन्य दायरा या संस्था नहीं है और यह भारत के संविधान के अनुसार भी है, यह मुसलमानों का निजी कानून है जिसे रद्द नहीं किया जा सकता. मैं इस पर अपनी पार्टी के नेताओं से चर्चा करूंगा और मेरी पार्टी इस बारे में बात करेगी।



### असम में यूसीसी लाना आसान नहीं : रफीकुल



एआईयूडीएफ विधायक हाफिज रफीकुल इस्लाम ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली असम सरकार में उत्तराखंड की तर्ज पर राज्य में समान नागरिक संहिता लाने की हिम्मत नहीं है, उन्होंने कहा, इस सरकार में यूसीसी लाने का साहस नहीं है, वे ऐसा नहीं कर सकते, वे जो उत्तराखंड में लाए, वह यूसीसी भी नहीं है, वे असम में भी यूसीसी लाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन मुझे लगता है कि वे ऐसा नहीं कर सकते। इसे असम ले आओ क्योंकि यहां कई जातियों और समुदायों के लोग हैं. बीजेपी अनुयायी स्वयं यहां उन प्रथाओं का पालन करते हैं।





# गठबंधन से पहले परखें हर चीज : खुर्शीद

## » नेताओं के भविष्य को लेकर कांग्रेस नेता चिंतित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए यूपी से सिर्फ 17 सीटें मिलने से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता अब इधर-उधर ठौर तलाश रहे हैं। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद ने सोशल साइट एक्स पर नाराजगी जताई है। हालांकि पार्टी के नेता किसी तरह की नाराजगी से इनकार कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं, जबकि वह पहले से चुनावी तैयारी कर रहे थे।

अब इन नेताओं ने दिल्ली से लेकर मुरादाबाद तक जोर आजमाइश शुरू कर दी है, क्योंकि पार्टी के ज्यादातर नेता मुरादाबाद में शनिवार से शुरू हो रही दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। अभी तक पूर्व मंत्री नकुल दुबे लखनऊ या सीतापुर से टिकट मांग रहे थे। लखनऊ सपा के खाते में चली गई है, जबकि सीतापुर से पूर्व विधायक राकेश राठौर को मैदान में उतारने की तैयारी है। ऐसे में नकुल ने भी अब सीतापुर पर दावा कर दिया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी जालौन से दावेदारी कर रहे थे, लेकिन यह सीट गठबंधन में हाथ नहीं आई है। इसी तरह राजेश पति मिश्र भदोही से तैयारी कर रहे थे, जबकि फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से सलमान खुर्शीद और कौशलेंद्र यादव तैयारी कर रहे थे। सलमान खुर्शीद ने 'फर्रुखाबाद से मेरे रिश्तों को कितने इम्तिहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल मेरा नहीं पर हमारे सब के मुस्तकाबिल का है, आने वाली नस्लों का है जिक्र करते हुए एक्स पर पोस्ट लिखी। इसे सियासी तौर पर उनकी नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। फर्रुखाबाद की सियासी जमीं पर उनके निर्दलीय मैदान में उतरने की भी चर्चा शुरू हो गई है, हालांकि वह खुद इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।





# धरना व आंदोलन से बनेगा सत्ता पर दबाव!

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। चुनाव आने वाले हैं। पूरे देश में सड़कों से लेकर गलियो तक में सत्ता में बैठी सरकारों के खिलाफ लोग हंगामा मचा रह हैं। यूपी व बिहार में पेपर लीक को लेकर अभ्यर्थी सड़कों पर जमे हुए हैं। तो वहीं दिल्ली में किसान अपनी मांग को लेकर कई दिनों से आंदोलनरत हैं। ये धरने प्रदर्शन गूंगी बहरी सरकारों को जगाने के लिए जरुरी है। पर सबसे बड़ी बात कहीं ये आक्रोश सत्ता में बैठे हुए सियासतदानों पर भारी न पड़ जाए। खैर जो भी हो 2024 चुनावी साल है ये धरने, रैली व अन्य प्रदर्शन अभी और जारी रहेंगे। उधर दिल्ली चलो का आह्वान करने वाले लोग खुद को किसानों का नेता बताते हैं लेकिन सवाल उठता है कि यह आखिर कैसे नेता हैं जो किसानों का भला नहीं चाहते। सरकार ने वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में एक बेहतर प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को तैयार करते समय सरकार ने पंजाब के किसानों की दिक्कतों का खासतौर पर ध्यान रखा लेकिन फिर भी उसे ठुकरा दिया गया। देखा जाये तो खुद को किसान नेता कहने वाले लोगों ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर किसानों के हितों को बहुत बड़ा धक्का पहुँचाया है।

## चुनाव आने को हैं अब लगेंगे दांव, सियासी दलों को जगाने के लिए जरूरी है प्रदर्शन

## गूंगी-बहरी सरकारों को झकझोरने का माध्यम है जन रैली



### संसद में हो किसानों पर बहस

प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस बलों के बीच गतिरोध के बीच, कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए, जो विरोध प्रदर्शन की प्रमुख मांग है। पंजाब के आनंदपुर साहिब से सांसद तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किए अब तीन साल हो गए हैं, लेकिन विफल रहे। उन्होंने कहा कि 2021 में जब सरकार ने काले कृषि कानून वापस लिए तो किसानों से वादा किया गया कि एमएसपी पर कानून लाया जाएगा।कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि तब से तीन साल हो गए, कोई कानून नहीं लाया गया। मैं मांग करता हूं कि संसद का एक विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए और किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने वाला एक कानून पारित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार को शुभकरण सिंह को शहीद का दर्जा देना चाहिए।

## किसान के परिजनों को मिलेगी मदद

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान मारे गए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही मान ने उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी देने का भी एलान किया है। उन्होंने एक्स पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोषियों के खिलाफ भी उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी.. दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी ..फर्ज निभा रहे हैं। बीती 21 फरवरी को दिल्ली कूच के दौरान हुए विवाद के चलते बठिंडा के किसान शुभकरण सिंह का निधन हो गया था, जिसे लेकर पंजाब में विपक्षी पार्टियों ने हरियाणा के पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। इसी के साथ वह मौजूदा पंजाब सरकार को भी ऐसा न करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं इस आरोप प्रत्यारोप के बीच मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।



# यूपी में पेपर लीक को लेकर हंगामा

उधर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को हजारों अभ्यर्थियों ने लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदर्शन किया। उन्होंने भर्ती बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फिर से परीक्षा कराने की मांग की है। प्रदर्शनस्थल पर पीएसी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसके पहले उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा जारी सूचना के मुताबिक विगत 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थीं। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं।




## बिहार में ग्राम रक्षा दल पर लाठीचार्ज

पटना में ग्राम रक्षा दल के कर्मचारियों द्वारा भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। हजारों कर्मचारी भाजपा कार्यालय के सामने पहुंचे हैं और अपनी वेतन वृद्धि समेत कई मांगे लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर, प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानें। हालात अनियंत्रित होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। वहीं हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग के बिदुपुर थाना क्षेत्र के माइल चौक पर तेज रफ्तार हाईवे में बाइक सवार दो युवक को रौंद दिया। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, युवक कीसे आक्रोशित लोगों ने हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग के माइल चौक पर बवाल करने लगे। लोगों ने टायर जलाकर आगजनी की और सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची बिदुपुर थाने की पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने में जुट गई है।

## पंजाब-हरियाणा के किसानों ने रोका रोड

पंजाब उन राज्यों में शुमार होता जा रहा है जहां जल संकट धीरे-धीरे बढ़ रहा है। बड़े किसानों के पास तो फिर भी संसाधन हैं मगर एक छोटे किसान के लिए हाल के वर्षों में भूजल निकालने की लागत बढ़ गयी है इसलिए यदि यह किसान उन फसलों की ओर मुड़ते जिनमें पानी की अधिक खपत नहीं होती तो उनकी लागत कम हो जाती। सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें। इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है। आंकड़ों के जरिये समझायें तो आपको बता दें कि इस समय पंजाब के अधिकांश क्षेत्र में गेहूं और धान की खेती (2020-21 में 85प्रतिशत) होती है। पंजाब में कपास, दालों और मक्का के लिए पारिस्थितिकी तंत्र (बाजार, खरीदार, रसद, इनपुट आपूर्ति, आदि) उतना सशक्त नहीं है इसलिए सरकार किसानों को अपने समर्थन की गारंटी देना चाह रही है। अभी के संदर्भ में देखें तो मक्का 1.5प्रतिशत, कपास 3.2प्रतिशत और दालों की केवल 0.4न्न खेती हो रही है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि किसान यदि इन फसलों की ओर बढ़ते हैं तो नये बाजार खुलेंगे। साथ ही किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए निजी क्षेत्र में भी बड़े खरीददार मिलेंगे।

## हरियाणा व पंजाब में किसानों को राहत दने की कोशिश

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करते हुए कुछ फसल ऋणों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की घोषणा की. बजट प्रस्तावों की घोषणा ऐसे समय में की गई जब किसानों ने पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। खट्टर ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं और 14 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया जा रहा है। सरकार ने ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के लिए आर्थिक मुआवजे को दोगुना कर एक करोड़ रुपये करने का भी फैसला किया है। खट्टर राज्य के वित्त मंत्री भी हैं. उन्होंने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, मैं 2024-25 के लिए 1,89,876.61 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित करता हूं जो 2023-24 के 1,70,490.84 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) से 11.37 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने एक बड़ी घोषणा में कहा कि किसानों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) से लिए गए फसल ऋण पर ब्याज और जुर्माना माफ किया जाएगा। फसल ऋण पर ब्याज तथा जुर्माना माफ करने की घोषणा करता हूं. यदि फसल ऋण 30 सितंबर 2023 तक लिया गया हो और मूल राशि का भुगतान 31 मई 2024 तक कर दिया गया तो साथ ही किसान एमएफएमबी (मेरी फसल मेरा ब्योरा) के साथ पंजीकृत है।



## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# लोकतंत्र के लिए जरूरी है मजबूत विपक्ष

> ऐसी उम्मीद की जा सकती है कि सब अच्छा होगा। ज्ञात हो कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करे। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है।

*पिछले कुछ दिनों से इंडिया गठबंधन एकबार फिर अच्छे से सक्रिय हो रहा है। आप, सपा, कांग्रेस से सीटों को लेकर बात बनी है। अब महाराष्ट्र में यूबीटी व बंगाल में टीएमसी के बीच बात बनाने की कोशिश की जा रही है। ऐसी उम्मीद की जा सकती है कि सब अच्छा होगा। ज्ञात हो कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करे। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे।*

*इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं। इनमें से बहुत-सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठकें भी हो चुकी हैं। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम और गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं। कुल मिलाकर सत्ताएं बदलती रहनी चाहिए। इसलिए गठबंधनों को मजबूती के साथ लड़ना चाहिए। बाकी आखिरी फैसला जनता के हाथ में होता है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# भारत को मुक्ति पहले किससे मिले, कांग्रेस या भाजपा से?

श्रवण गर्ग



भाजपा ने अंतिम क्षणों में अपने आप को बचा लिया ! कांग्रेस खुद को नहीं बचा पाई ! कमलनाथ अपनी पुरानी पार्टी में ही बने रहेंगे ! हो सकता है लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाक़ात के नए चित्र मीडिया में नज़र नहीं आएँ। कमलनाथ को किन कारणों से कांग्रेस में ही रुकना पड़ा उसका खुलासा आसानी से नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री और भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों ने सोचा नहीं होगा कि कमलनाथ प्रसंग से पार्टी की छवि को अंदर और बाहर दोनों ओर से इतना बड़ा धक्का लगेगा ! इतनी थू-थू के लिए मध्य प्रदेश के पन्ना-प्रमुखों के स्तर तक पूर्व-तैयारी नहीं थी।

भाजपा ने समझा होगा जैसे महाराष्ट्र के 'आदर्श' पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को तुरत-फुरत भर्ती करवा कर उनका नाम राज्यसभा के लिए तय कर दिया गया वैसे ही 'ऑपरेशन कमलनाथ' भी शांतिपूर्वक संपन्न हो जाएगा। वैसा नहीं हुआ। राजस्थान के 'पायलट प्रोजेक्ट' की विफलता के बाद राजनीति में शुचिता का उपदेश देने वाली पार्टी के लिए इसे दूसरा बड़ा सदमा माना जा सकता है। कल्पना की जा सकती है कि भाजपा के लिए छिन्दवाड़ा सहित ज़रूरी एमपी की सभी 29 सीटों पर केंद्रित इस ऑपरेशन के फ्लॉप होनेसे सबसे ज़्यादा प्रसन्नता 'महाराज' को ही हुई होगी। भाजपा ने उन्हीं के नेतृत्व में कमलनाथ (सरकार) को आंदोलनों के लिए सड़कों पर ला पटका था। अगर कमलनाथ भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो ग्वालियर और छिन्दवाड़ा को साथ मिलकर कांग्रेस की हिंदुत्व-विरोधी ताक़तों का मुक़ाबला करना पड़ता। विधानसभा चुनाव परिणामों के तुरंत बाद कमलनाथ ने शिवराज सिंह से भेंट कर उन्हें बधाई दी थी। चुनाव परिणामों के बारे में दोनों ही नेताओं को शायद पहले से पता था।

इसमें दो मत नहीं कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के निमित्त पीएम के लिए ज़रूरी हो गया है कि लोकसभा चुनावों में पार्टी 370 के आँकड़े को प्राप्त करके देश को दिखा दें। एमपी में पिछली बार सिर्फ़ छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी। कमलनाथ के भाजपा-प्रवेश के बाद वह सीट भी निश्चित हो जाती। कमलनाथ को अब वह सीट कांग्रेस के खाते में जीतना पड़ेगी।

विधानसभा चुनावों में पार्टी को ज़बर्दस्त तरीक़े से जीत दिलाने के तुरंत बाद उत्साह से लबरेज़ शिवराज सिंह छिन्दवाड़ा पहुँच गए थे। वहाँ उन्होंने घोषणा कर दी थी कि'आज से हम मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे हैं। इसका मतलब मध्य प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों से है। पिछली बार छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी।' शिवराज सिंह को 6 दिसंबर के बाद से आज तक छिन्दवाड़ा में दोबारा पैर रखने की ज़रूरत नहीं पड़ी। वहाँ की सीट मोदी की जादू की छड़ी से ही भाजपा की झोली में टपकने को बेचैन हो उठी।





कमलनाथ प्रसंग पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने बाद में खुलासा किया कि जाँच एजेंसियों का जिस तरह का दबाव अन्य नेताओं पर है वैसा ही कमलनाथ पर भी है। समूचा कमलनाथ प्रसंग इसी अहंकार की उपज था कि सांप्रदायिक विभाजन और चुनाव जीतने के कामों में सब कुछ जायज़ है। दूसरे यह कि चुनाव जीतने के काम में पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण के मुक़ाबले जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल ज़्यादा प्रभावकारी साबित होता है। कमलनाथ की तरह ही अपने को कांग्रेस का वफ़ादार सिपाही बताने वाले अशोक चव्हाण के पलटी मारने के पीछे मुख्य कारण संसद के बजट सत्र के आख़िरी दिन मोदी सरकार द्वारा मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार पर पेश किया गया 'श्वेत पत्र' बताया गया था। 'श्वेत पत्र' में मुंबई की आदर्श बिल्डिंग सोसाइटी के उस घोटाले का भी उल्लेख था जिसके कारण अशोक चव्हाण को 2010 में मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा था।

आदर्श सोसाइटी घोटाले की सीबीआई जाँच के बाद आरोप लगाया गया था कि सेना के सेवा-निवृत्त लोगों के लिए निर्मित बिल्डिंग में अपने संबंधियों को आवंटन के लिए चव्हाण ने अतिरिक्त फ्लेट्स के निर्माण की अनुमति दी थी। चव्हाण द्वारा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने के तत्काल बाद देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि ऐसे कई नेता जिनका कांग्रेस में दम घुट रहा है भाजपा के संपर्क में हैं। माना जा सकता है कि फडनवीस का इशारा कमलनाथ की तरफ़ रहा होगा।

चव्हाण के कांग्रेस छोड़ते ही भाजपा में पुरस्कृत होने की सत्तारूढ़ दल के निष्ठावान कार्यकर्ताओं पर क्या प्रतिक्रिया हुई उसका भी फडनवीस को तत्काल पता चल गया। महाराष्ट्र भाजपा के 69-वर्षीय उपाध्यक्ष माधव भंडारी के पुत्र चिन्मय द्वारा सोशल मीडिया पर जारी की गई एक पोस्ट चर्चा का विषय बन गई। चव्हाण को राज्यसभा में भेजे जाने से व्यथित चिन्मय ने अपनी मार्मिक पोस्ट मेंअपने पिता का शुमार उन लोगों में किया जिन्हें पार्टी की दशकों से की जा रही निस्वार्थ सेवा के बावजूद कभी अपेक्षित सम्मान प्राप्त नहीं हुआ।

# स्वच्छता अभियान हो पहली प्राथमिकता

ज्ञानेन्द्र रावत



दिल्ली में जल्द ही यमुना घाट पर हरिद्वार और बनारस की तरह भव्य आरती का नजारा दिखेगा। कुटिया घाट के नाम से मशहूर रिंग रोड के किनारे स्थित वासुदेव घाट को आरती के लिए तैयार किया जा रहा है। हालांकि, इसकी तैयारी जी-20 सम्मेलन से पहले शुरू कर दी गयी थी। लेकिन यमुना में आयी बाढ़ ने इस काम को प्रभावित किया। पता चला है कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठापन समारोह के दिन भी यहां आरती का आयोजन किया गया था। आजकल इन घाटों का सौंदर्यीकरण तेजी से किया जा रहा है। ट्यूलिप के पौधे लगाये जा रहे हैं, घाटों पर सीढ़ियां बनायी जा रही हैं और छोटी-छोटी हट भी बनाई जा रही हैं।

देखा जाये तो दिल्ली में दर्शनीय स्थलों की वैसे ही भरमार है, उनमें एक नाम और जुड़ जायेगा। हां, दिल्लीवासियों के लिए यह जगह कहें या घाट, एक नयी सैरगाह जरूर हो जायेगी। इस प्रयास को सराहा ही जाना चाहिए। भले दिल्ली की जीवनदायिनी यमुना ज़हरीली हो गयी हो। उसमें लैड, कॉपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम जैसे सेहत के लिए हानिकारक तत्व मौजूद हों। भले ही यमुना रसायन के चलते बजबजाते झाग को रोकने के लिए समूचे सीवेज के ट्रीटमेंट की जरूरत के अलावा अपने उद्धार के लिए तरस रही हो।

बीते दशकों का इतिहास इसका गवाह है कि यमुना साल-दर-साल कितनी प्रदूषित हुई है। उसके जल आचमन की बात तो दीगर है, वह जानलेवा बीमारियों का सबब बन गया है। पहले यमुना में जल प्रवाह को ही लें, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार यमुना नदी के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से में जल प्रवाह 23 घन मीटर प्रति सेकेंड क्यूसेक कम है।

पिछले पखवाड़े जल संसाधन सम्बंधी एक संसदीय स्थायी समिति ने अपनी सिफारिश में दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर लम्बे हिस्से में 23 घन मीटर प्रति सैकेंड क्यूसेक ई-फ्लो रखे जाने की बात कही थी। डीपीसीसी की मानें तो 23 क्यूसेक का ई-फ्लो जैविक आक्सीजन मांग यानी बीओडी का स्तर घटाकर 12 मिलीग्राम प्रति लीटर कर देगा। गौरतलब है कि बीओडी किसी नदी या जलाशय में मौजूद कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए सूक्ष्मजीवों के लिये जरूरी आक्सीजन की मात्रा है।

यहां यह जान लेना जरूरी है कि दिल्ली में प ?ने वाला नदी का हिस्सा इसके तकरीबन 80 फीसदी प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। ई-फ्लो जलप्रवाह की न्यूनतम मात्रा है जो किसी भी नदी या जलाशय को अपनी पारिस्थितिकी बरकरार रखने के लिए जरूरी है। मौजूदा दौर में हरियाणा के यमुनानगर स्थित हथिनी कुंड बैराज से मात्र 10 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। जबकि 23 क्यूसेक पानी यानी 43.7 करोड़ गैलन रोजाना अक्टूबर से जून के महीने के दौरान नदी में छोड़ा जाना चाहिए।

लोकसभा की स्थायी समिति द्वारा यमुना पर तैयार रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि यमुना के जल में भारी धातु के प्रदूषक तत्वों की भरमार है जो जानलेवा बीमारियों के कारण हैं। समिति ने माना है कि लैड से वयस्कों में रीढ़ की हड्डियों से जुड़ी नसों से सम्बंधित पैरीफेरल न्यूरोपैथी और खासकर बच्चों में काग्निटिव ईंपेयरमेंट, कापर से सिर दर्द, किडनी संबंधी बीमारी, उल्टियां और दस्त के साथ नौसिया, जिंक से लिवर व किडनी से जुड़ी बीमारियां, निकेल से न्यूरोटाक्सिक, जेनेटाक्सिक और कार्सीनोजेनिक, कैडमियम से किडनी और लिवर से जुड़ी बीमारी के साथ आंत्रशोथ और क्रोमियम से न्यूरोनल डैमेज, हेपेटिक व गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल आदि जानलेवा बीमारियां जन्म लेती हैं। समिति ने यमुना में झाग बनने से रोकने हेतु दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से प्रवाहित होने वाले समूचे सीवेज का ट्रीटमेंट किये जाने की जरूरत बताई है। इस झाग का बड़ा कारण बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज में फास्फेट आदि की मौजूदगी है। इस झाग से त्वचा रोग और संक्रमण का खतरा बना रहता है। जरूरी है कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों यानी एसटीपी की तकनीक को उन्नत बनाया जाये। उनकी क्षमता में बढ़ोतरी की जाये और सभी उद्योगों को साझा अपशिष्ट उपचार संयंत्रों से जोड़ा जाये।

इसके साथ ही समिति ने ऐसे नियम, दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा है कि जिसमें यमुना सहित देश की सभी नदियों में अपशिष्ट प्रवाहित किये जाने के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान हो। समिति ने जल संसाधन विभाग को यह भी सुझाव दिया है कि वह यमुना नदी के लिए भी स्वच्छ गंगा मिशन की तर्ज पर एक कोष की स्थापना करे ताकि नदी की सफाई से जुड़े कामों में पैसे की कमी आड़े न आये।

वैसे यमुना की सफाई पर अभी तक करोड़ों रुपये स्वाह हो चुके हैं। हकीकत यह कि यमुना में बीओडी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। यह पहले से 20 गुणा ज्यादा मैली जरूर हो गयी है। यमुना आज भी बदहाली में जीने को विवश है। इसका अहम कारण यमुना का वोट बैंक न होना है। यदि ऐसा होता तो यमुना कब की शुद्ध, निर्मल, अविरल बन चुकी होती। अच्छा तो यह होता कि यमुना की भव्य आरती का आयोजन तब होता जब यमुना मैला ढोने वाली गाड़ी के अभिशाप से मुक्त हो जाती। उसी स्थिति में यमुना स्वयं को सम्मानित भी अनुभव करती और उसका गौरव भी बना रहता।

# एनर्जी के लिए खाएं कच्चा पनीर



## पनीर का सलाद

पनीर और हरे चना एक सलाद है जिसमें मूल भारतीय मसालों का साधारण स्वाद होता है। अपने नाम के साथ सच है, यह हेल्दी पनीर चना सलाद में पोषक तत्वों की एक भरपूर मात्रा होती है। पनीर और हरे चने का सलाद नींबू का रस, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, काला नमक और नमक की एक स्वस्थ ड्रेसिंग बनाने के लिए कहता है। ब्रेकफास्ट में पनीर का सलाद खाना भी आपकी सेहत के लिए काफी अच्छा रहता है। इसमें आपको कच्चे पनीर को लेना है और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें प्याज, टमाटर, धनिया पत्ती और कुछ मसाले एड करने हैं। रोजाना इसके एक कटोरी सेवन से आपको सर्दियों में काफी एनर्जी मिल सकती है। ये प्रोटीन का भरपूर सोर्स है। सलाद में से एक पोषक तत्व फाइबर है। यह न सिर्फ पाचन तंत्र की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है, बल्कि आंतों की समस्या के साथ ही पेट की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने में लाभदायक हो सकता है। इसके अलावा, यह वजन को भी नियंत्रण करने में मदद कर सकता है।





कमजोर हड्डियां हों या सर्दियों में सुस्त पड़ा शरीर पनीर सेहत को कई फायदे पहुंचाता है। इसे खाने से आपकी मांसपेशियां स्ट्रांग होती हैं और शरीर को एनर्जी भी मिलती है। ये आपके शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ावा देता है। ऐसे में कच्चे पनीर को अपनी विंटर डाइट का हिस्सा बना लेना चाहिए। स्वाद ऐसा कि बच्चे हों या बड़े, सभी के दिल को ये खूब भाता है। इसे कच्चा खाएं या पकाकर, हर तरीके से ये फायदेमंद होता है। स्वाद के साथ-साथ ये आपकी सेहत का भी भरपूर ख्याल रखता है।
वेजिटेरियन लोगों के लिए तो ये प्रोटीन का सबसे बढ़िया सोर्स है।
कैल्शियम, विटामिन और फॉस्फोरस से भरपूर ये पनीर बोन हेल्थ से लेकर आपकी डेंटल हेल्थ तक को दुरुस्त रखता है। सर्दियों में अगर आप भी सुस्ती और थकावट से परेशान हैं, तो कच्चे पनीर को इन तरीकों से अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

## पनीर रोल

बच्चे खाने में बहुत नखरे दिखाते हैं और कुछ भी ना खाने के लिए नए-नए बहाने ढूढ़ते रहते है। इसलिए उनके लिए कुछ ना कुछ नया बनाना ही पड़ता है। अगर आप भी अपने बच्चों या फिर परिवार के लिए कुछ नया बनाना चाहते हैं, तो आप पनीर रोल आसानी से बना भी सकेंगे और आपके बच्चों को ये पसंद भी बहुत आएगा और वह खाने में आना-कानी भी नहीं करेंगे। कच्चे पनीर की मदद से आप रोल तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा सामान भी नहीं चाहिए। सिर्फ इसे ग्रेड करके इसमें थोड़ा चाट मसाला और काला नमक डालकर आप इसे रोटी या पराठे पर डालकर रोल बनाकर खा सकते हैं। इसमें स्वाद को बढ़ाने के लिए आप अपनी पसंद के मुताबिक कुछ सॉस भी एड कर सकते हैं और इसे हेल्दी बनाने के लिए इसमें बारीक कटी सब्जियां भी डाल सकते हैं। पनीर रोल का सेवन स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि पनीर में विटामिन ए के साथ-साथ कई एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मददगार साबित होते हैं। पनीर का सेवन मांसपेशियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि पनीर में प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, इसलिए अगर आप पनीर का सेवन करते हैं, तो इससे मांसपेशियां मजबूत होती है।



## पनीर सैंडविच

अगर आप कुछ हेल्दी खाना चाहते हैं, तो आप पनीर सैंडविच का सेवन कर सकते हैं। ये खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही हेल्दी भी है। इसे आप सुबह के नाश्ते में खा सकते हैं, अपने बच्चों के लंच के टिफिन में उन्हें दे सकते हैं या फिर शाम के नाश्ते में चाय के साथ इसका सेवन कर सकते हैं। कच्चे पनीर से आप एक हेल्दी सैंडविच भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए इसे छोटे-छोटे क्यूब्ज में काटकर या ग्रेड करके भी ब्रेड पर लगाकर खा सकते हैं। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए इसे बटर लगाकर तवे पर या एयरफ्रायर में हल्का सेक भी सकते हैं। इसके अलावा इसमें शिमला मिर्च, ब्रोकली, टमाटर, कॉर्न और कुछ मसाले डालकर भी एक हेल्दी सैंडविच का मजा ले सकते हैं। इससे आपको खूब एनर्जी मिलेगी।



## हंसना मना है

कुछ दोस्त ऐसे हैं जो घर से बीवी की लात खाकर आते हैं और दोस्तों से कहते फिरते हैं, आज तो मैं लेग पीस खाकर आया हूं।

डेट पर लड़के ने लड़की से कहा, जानू, एक बात कहना चाहता हूं! लड़की: क्या? लड़का: मेरी पहले से एक गर्लफ्रेंड है! लड़की: डरा दिया साले, मुझे लगा कि पैसा नहीं है!

पति: अरे सुनो, मुन्ना रो रहा है चुप कराओ इसे। पत्नी (गुस्से में): मैं काम करूं या बच्चे संभालू, मैं इसे दहेज में नहीं लाई थी, खुद ही चुप करा लो। पति: फिर रोने दे। मैं कौन सा इसे बारात में लेकर गया था।

महिला: पंडितजी, मेरे पति हमेशा मुझसे लड़ते रहते हैं। घर की सुख-शांति के लिए कौन-सा व्रत रखूं? पंडितजी: मौन व्रत रखो बेटा, सब बढ़िया होगा!

एक पार्टी में लड़की: सुनिए, मेरे एक हाथ में गिलास और दूसरे में प्लेट है, आप मेरे चेहरे से एक चीज हटा देंगे! लड़का: हां हां क्यों नहीं, क्या चीज हटानी है? लड़की: अपनी कुत्ते जैसी नजर!

इस मतलबी दुनिया में, एक पान वाला ही है, जो पूछ कर चुना लगाता है!

## कहानी | भूखी चिड़िया

सालों पहले एक घंटाघर में टींकू चिड़िया अपने माता-पिता और 5 भाइयों के साथ रहती थी। टींकू चिड़िया छोटी सी थी। उसके पंख मुलायम थे। उसकी मां ने उसे घंटाघर की ताल पर चहकना सिखाया था। घंटाघर के पास ही एक घर था, जिसमें पक्षियों से प्यार करने वाली एक महिला रहती थी। वह टींकू चिड़िया और उसके परिवार के लिए रोज रोटी का टुकड़ा डालती थी। एक दिन वह बीमार पड़ गई और उसकी मौत हो गई। टींकू चिड़िया और उसका पूरा परिवार उस औरत के खाने पर निर्भर था। अब उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं था और न ही वो अपने लिए खाना जुटाने के लिए कुछ करते हैं। एक दिन भूख से बेहाल होने पर टींकू चिड़िया के पिता ने कीड़ों का शिकार करने का फैसला किया। काफी मेहनत करने के बाद उन्हें 3 कीड़े मिले, जो परिवार के लिए काफी नहीं थे। वे 8 लोग थे, इसलिए उन्होंने टींकू और उसके 2 छोटे भाइयों को खिलाने के लिए कीड़े साइड में रख दिए। इधर, खाने की तलाश में भटक रही टींकू, उसके भाई और उसकी मां ने एक घर की खिड़की में चोंच मारी, ताकि कुछ मिल जाए, लेकिन कुछ नहीं मिला। उल्टा घर के मालिक ने उनपर राख फेंक दी, जिससे तीनों भूरे रंग के हो गए। उधर, काफी तलाश करने के बाद टींकू के पिता को एक ऐसी जगह मिली, जहां काफी संख्या में कीड़े थे। उनके कई दिनों के खाने का इंतजाम हो चुका था। वह जब खुशी-खुशी घर पहुंचा, तो वहां कोई नहीं मिला। वह परेशान हो गया। तभी टींकू चिड़िया, उसका भाई और मां वापस लौटे, तो पिता उन्हें पहचान नहीं पाए और गुस्से में उन्होंने सबको भगा दिया। टींकू ने पिता को समझाने की काफी कोशिश की। उसने बार-बार बताया कि किसी ने उनके ऊपर रंग फेंका है, लेकिन टींकू के हाथ असफलता ही लगी। उसकी मां और भाई भी निराश हो गए, लेकिन टींकू ने हार नहीं मानी। वह उन्हें लेकर तालाब के पास गई और नहलाकर सबकी राख हटा दी। तीनों अब अपने पुराने रूप में आ गए। अब टींकू के पिता ने भी उन्हें पहचान लिया और माफी मांगी। अब सब मिलकर खुशी-खुशी एक साथ रहने लगे। उनके पास खाने की भी कमी नहीं थी।

**कहानी से सीख**- कभी भी किसी पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहिए। इंसान को खुद मेहनत करके अपनी जरूरत की चीजों को जुटाना चाहिए।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा।

**वृषभ**



दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन**



नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कर्क**



पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**सिंह**



परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे।

**कन्या**



कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**तुला**



किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक**



चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु**



जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**मकर**



भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुम्भ**



कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा।

**मीन**



दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी।

बॉलीवुड | मन की बात

# डेट पर बिल भुगतान करने वाली लड़कियां होती हैं बेवकूफ : जया बच्चन



अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा इन दिनों अपने पॉडकास्ट व्हाट द हेल नव्या 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिन इसका लेटेस्ट एपिसोड जारी किया गया, जिसका शीर्षक माचो मिथ्स एंड मॉडर्न मेन है। इस दौरान नव्या ने अपनी मां श्वेता बच्चन, भाई अगस्त्य नंदा और दादी जया बच्चन के साथ पुरुषों और टॉक्सिसिटी पर चर्चा की। हालांकि, जब नव्या ने महिलाओं के स्वतंत्र महसूस करने और डेट पर खाने के लिए भुगतान करने की इच्छा का विषय उठाया, तो जया ने इसे बेवकूफी करार दे दिया। दिग्गज अभिनेत्री का बयान जबरदस्त सुर्खियों में है। पॉडकास्ट में नव्या समझा रही थीं कि महिलाएं आज बेहद सशक्त हो गई हैं और स्वतंत्र रूप से काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए आज अगर आप किसी लड़की को डेट पर ले जाते हैं और भुगतान करने की पेशकश करते हैं, तो कुछ इससे नाराज हो जाती हैं क्योंकि महिलाएं अब महसूस करती हैं कि वे समान हैं... लेकिन इससे पहले की नव्या अपनी बात पूरी कर पातीं उन्हें उनकी दादी जया बच्चन बीच में ही काट देती हैं। जया बच्चन चिल्लाकर कहती हैं, वे महिलाएं कितनी बेवकूफ हैं। आपको पुरुषों को भुगतान करने देना चाहिए। हालांकि, इस पर अगस्त्य नंदा की सोच थोड़ी अलग थी। उन्होंने कहा, अगर आप कहना चाहते हैं कि मुझे इस भोजन के लिए भुगतान करना अच्छा लगेगा तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि आप कुछ अच्छा करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मैं लड़का हूं तो मैं ही भुगतान करूंगा। इसके बाद नव्या अपनी दादी और मां से सवाल करती हैं कि उन्होंने अपने दौर में और इस दौर में पुरुषों में क्या बदलाव देखा है? इस पर श्वेता बच्चन ने कहा, हमारे समय में हमेशा से यह माना जाता था कि एक पुरुष को मजबूत होना चाहिए और चुप रहना चाहिए। यहां तक कि जब आप डेटिंग कर रहे हैं, तो भी आप लड़के का इंतजार करो। वही आपके पास आएगा और प्रपोज करेगा।

# स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में शाहरुख की शिष्या बनेंगी आलिया!



अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया ने हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इसके अलावा वह आदित्य चोपड़ा के यश राज फिल्म्स वाइआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड स्पाई फिल्म में भी नजर आएंगी। फिल्म में वह शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन साझा करती हुई दिखाई देंगी। इस जासूसी फिल्म के नाम की अब तक घोषणा नहीं हुई है। अब फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स आलिया भट्ट की फिल्म का शाहरुख खान की पठान के साथ कनेक्शन लाने की कोशिश कर रहे हैं। स्पाई यूनिवर्स के लिए पठान अब तक की सबसे सफल फिल्म रही है। किंग खान की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। जवान और एनिमल के बाद यह फिल्म भारतीय सिनेमा की तीसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बताया जा रहा है कि फिल्म के लेखक फिलहाल इस पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म में आलिया भट्ट को शाहरुख खान की शिष्या के रूप में दिखाना चाहते हैं। इसमें वह जेओसीआर (ज्वाइंट ऑपरेशन एंड कोवर्ट रिसर्च) की टीम का हिस्सा हैं। बताया जा रहा है कि आलिया और शरवरी की फिल्म में शाहरुख कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। इसके अलावा शाहरुख के पठान को लेकर भी बीते दिनों खबर आई थी कि इस साल के आखिरी तक पठान 2 की शूटिंग पूरी हो जाएगी। आलिया और शरवरी की इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 के आस-पास मुंबई में शुरू करेंगी। इस फिल्म की शूटिंग विदेश में भी होगी। फिल्म इस साल के अंत में प्री-प्रोडक्शन में चली जाएगी। यह आदित्य चोपड़ा के स्पाई यूनिवर्स की आठवीं फिल्म होगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर - 3, वॉर-2 और टाइगर बनाम पठान के बाद ये फिल्म रिलीज होगी। वहीं आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जिगरा के अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम करने वाली हैं।

# शैतान से निजी जिंदगी हुई प्रभावित: माधवन




**फिल्म आठ मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज**

अभिनेता आर माधवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिन निर्माताओं ने इस फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया, जिसने दर्शकों को पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया। आर माधवन के खौफनाक अवतार की दर्शक जमकर तारीफ कर रहे हैं और फिल्म को देखने के लिए उनका उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। वहीं, अब आर माधवन ने एक बातचीत के दौरान अपने शैतान लुक पर अपनी पत्नी की प्रतिक्रिया साझा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने उनकी निजी जिंदगी को प्रभावित किया है। अभिनेता ने बताया, जब मैंने अपनी पत्नी को शैतान से अपना पहला लुक का पोस्टर और ट्रेलर दिखाया, तो वे मुझे बिल्कुल अलग तरीके से देखने लगीं। अभिनेता ने चुटकी लेते हुए कहा, अब मैं उनसे बात करते हुए दुरी बनाकर रखता हूं। इसलिए, मुझे लगता है कि इस फिल्म ने मेरे निजी जीवन को प्रभावित किया है। आर माधवन ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, जब मैंने फिल्म करने का फैसला किया था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम दर्शकों को किस स्तर तक डराने की योजना बना रहे हैं। इस किरदार को करने से पहले, मैंने यह बिल्कुल भी नहीं सोचा था कि असल जिंदगी में भी लोग मेरे पास आने से डरेंगे। आर माधवन की फिल्म की बात करें, तो शैतान में उनके साथ अजय देवगन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अजय देवगन ने अभिनय के साथ-साथ ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण भी किया है। वहीं, इस फिल्म को जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा।

अजब-गजब | कहीं नहीं देखा होगा ऐसा मेंढक, चमकती पारदर्शी है त्वचा

# पानी की जगह पेड़ों पर पसंद है रहना



मेंढक की कई प्रजातियां बहुत ही अनोखी होती हैं। इन्हीं में से मंकी फ्रॉग यानी बंदर मेंढक लीफ या ट्री फ्रॉग के वंश के होते हैं जो दक्षिण अमेरिका में पाए जाते हैं वैसे तो ये भी अपने जीवनचक्र के लिए पानी पर बहुत निर्भर होते हैं पर फिर भी इनमें से कुछ सूखे वातावरण में पनपते हैं। पराग्वे के अर्द्ध शुष्क इलाकों में मंकी फ्रॉग की एक खास प्रजाति पाई जाती है जिसे वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग या वैक्सी मंकी लीफ फ्रॉग कहा जाता है। इसकी खास बात यही है कि यह ऐसी जगह पर पनपा है जहां जीवन के बारे में सोचना तक असंभव लगता है। रात को विचरण करने वाला यह वैक्सी मंकी ट्री मेंढक पेड़ों पर रहता है और कीड़े खाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका खुद को वातावरण के अनुकूल ढालने की क्षमता को बताया जाता है। इनमें से दो तिहाई की चमड़ी चमकते हुए मोम की होती है। वास्तव में इनकी चमड़ी पर एक खास ग्रंथि से चमकीली पारदर्शी परत निकलती है। मोम जैसा चमड़ी के होने से जिसे वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग नमी की गैरमौजूदगी में लंबे समय तक पानी को अपने अंदर रोके रख पाते हैं। यही कारण है कि यह धूप में लंबे समय तक बिना सूखे रह पाता है। ऐसा दूसरे सरीसृप नहीं कर पाते हैं। मेंढक इसके लिए कई तरह के उपाय अपनाते हैं। मेंढक की चमड़ी पर लगे पदार्थ जहरीले हो सकते हैं। लेकिन यह भी सच है कि इन पदार्थों को अभी तक अच्छे से समझा नहीं जा सका है। वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग की चमड़ी के पदार्थ ऐसे जहरीले होते हैं कि उससे हैपिटाइटिस हो सकता है। सके अलावा वे बहुत से अंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। जबकि कई जगहों पर इसके हर्बल दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। जिसे वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग के नाम में मंकी होने की भी एक वजह है। ये इस तरह से बैठते हैं कि ऐसा लगता है कि कोई बंदर बैठा हुआ है। ये इस तरह से बैठते हैं कि लगता है कि कोई बंदर हाथ पैर फैलाए लटका हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे उनके जमीन या बैठने वाली जगह से कम से कम संपर्क होता है जिससे उनके चमड़ी के पदार्थ चिपके रहते हैं। जिसे वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग के नाम में मंकी होने की भी एक वजह है। ये इस तरह से बैठते हैं कि ऐसा लगता है कि कोई बंदर बैठा हुआ है। ये इस तरह से बैठते हैं कि लगता है कि कोई बंदर हाथ पैर फैलाए लटका हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे उनके जमीन या बैठने वाली जगह से कम से कम संपर्क होता है जिससे उनके चमड़ी के पदार्थ चिपके रहते हैं। वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग अपने मेटाबॉलिज्म को इतना कम कर सकते हैं कि वे एक तरह से हाइबरनेशन की अवस्था में चले जाते हैं। यह भालू जैसे जानवर करते हैं जिससे वे बिना खाए पिए कई हफ्तों तक सुस्त पड़े रहे हैं और उन्हें कुछ नहीं होता है। ये मेंढक बहुत ही अधिक गर्मी में छोटे पैमाने परइसी के जैसी अवस्था ला देते हैं। लेकिन इनका यह धीमा मेटाबॉलिज्म कम समय के लिए रहता है। इन वैक्सी मंकी ट्री फ्रॉग का प्रजनन भी बहुत जटिल होता है। इनमें मादाएं पत्तियों की सतह पर अंडे देने का काम करती हैं। यह काम आम तौर पर मेंढक पानी में ही करते हैं। खास बात यह होती है कि ये पत्तियां पानी की तालाब या झील के ऊपर होते हैं जिससे लार्वा अंडे से निकल सीधे पानी में गिर जाते हैं।

# कौड़ियों के भाव खरीदा घटिया घर
## यूट्यूब देख-देख बना दिया महल



इंग्लैंड के सेंट एल्बंस में एक ऐसा घर मौजूद था, जिसे वहां सबसे बदसूरत माना जाता था। उस घर को कोई भी खरीदना नहीं चाहता था। काफी अरसे तक वो घर वीरान रहा, लेकिन बाद में एक कपल ने उसे कौड़ियों के भाव खरीद लिया। इसके बाद घर को इस कपल ने सबसे सुंदर बना दिया, जिससे इसकी कीमत भी दोगुनी हो गई। इसके लिए कपल ने किसी बाहरी व्यक्ति की मदद नहीं ली, बल्कि यूट्यूब देख-देखकर इसे महल बना दिया। अब इसे हर कोई खरीदना चाहता है। बता दें कि 37 वर्षीय लिजी विलियम्स और उनके 40 वर्षीय पति फिल ने जून 2014 में हर्टफोर्डशायर के सेंट एल्बंस में अपने मोहल्ले के सड़क पर सबसे बदसूरत घर खरीदा था। उस दौरान घर की कीमत 1 करोड़ 57 लाख थी, जो आस-पास के घरों की तुलना में बहुत ही कम थी। जोड़े ने बताया कि जब हमने इस घर को लिया, तब पिछले 4 सालों से यहां कोई नहीं रह रहा था। छत में छेद थे और नीचे के शौचालयों में फंगस उग आया था। ऐसे में इस घर को खरीदने के बाद उसके नवीनीकरण में 9 साल बिताए। इस दौरान कपल ने अपनी सैलरी खर्च की, साथ ही रिश्तेदारों से भी पैसे लेने पड़े। कपल ने यूट्यूब वीडियो देख-देखकर प्लंबिंग और बिजली का काम सीखा। इस तरह से 2 करोड़ 10 लाख की बचत की। इस दौरान कपल ने घर के पिछले हिस्से का विस्तार किया। फिर नई छत डलवाई और अंदर में एक किचन बनवाया। इसके अलावा घर के बाहर स्विमिंग पूल भी बनवाया। ये सारा काम सितंबर 2023 में खत्म हुआ। इसके बाद से घर की कीमत दोगुनी हो गई। मार्केटिंग जॉब से जुड़ी लिजी ने बताया कि उनके पति फिल बहुत ही फोकस्ड इंसान हैं। वो हर चीज को बड़ी बारीकी से सीखते हैं। घर को बदसूरत से खूबसूरत बनाने के लिए उन्होंने यूट्यूब सहित कई अलग-अलग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। इस वजह से हमारा घर वास्तव स्पेशल बन सका। लिजी ने कहा कि शुरुआत में हमारे रहने के लिए बस 2 कमरे थे, क्योंकि बाकी जगहों पर काम चलता रहता था। लेकिन अब इसकी संख्या दोगुनी हो गई है। लिजी ने कहा कि जिस घर को हमने खरीदा था, ये वो घर नहीं है। हमने इसे पूरी तरह से बदल दिया है। घर के पिछले हिस्से को दोमंजिला करवाया, गैराज को 4 कमरों में बदल दिया। घर के नीचले हिस्से में पहले स्टोर रूम था, उसे भी दुरुस्त किया। किचन से लेकर बाथरूम तक को हमने पूरी तरह बदल दिया, जिससे ये घर अब खूबसूरत हो गया।

# जो भाजपा को हराना चाहता है वो साथ आए : जयराम

## इंडी गठबंधन में मायावती का स्वागत, बोले- किसानों पर हो रहा अत्याचार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इंडिया गठबंधन के विस्तार और इसमें बहुजन समाज पार्टी की एंट्री को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शनिवार (24 फरवरी) को कहा कि बीजेपी को हराने के लिए मायावती साथ आएं। इंडी गठबंधन में मायावती का स्वागत है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सीट के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में खुद को मजबूत करना चाहती है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए मुरादाबाद पहुंचे जयराम रमेश ने कहा कि हमारे देश में आज सबसे बड़ा मुद्दा किसानों पर हो रहा अत्याचार है, मोदी सरकार किसानों को नजअंदाज कर रहे हैं, हमारी पार्टी इस पर गंभीर है, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर किसानों के साथ हैं, उन्होंने सपा के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि अलायंस के लिए संतुलित खुशी जरूरी है, बसपा के गठबंधन में आने की संभावना को लेकर पूछे गए सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे जी ने कहा है कि हमारे दरवाजे खुले हैं, जो बीजेपी को हराना चाहते हैं वो हमारे साथ आएं, उनका स्वागत है।

बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अभी तक इंडिया गठबंधन में आने के कोई संकेत नहीं दिए हैं, उन्हें साथ लाने की कोशिश कई बार की गई है, लेकिन इस पर बात नहीं बनी है,पिछले दिनों ही मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बताया था कि बीएसपी का किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं है और इसको लेकर कई बार स्पष्ट घोषणा भी कर दी गई है, लेकिन बार-बार अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां सही से दाल गलने वाली नहीं है, बहुजन पार्टी अपने बलबूते पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी और पार्टी का ये फैसला अटल है, बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि लोगों को ऐसी अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है।



### ममता का सम्मान हमेशा रहेगा

टीएमसी के साथ सीट बंटवारे पर कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी, जयराम रमेश ने कहा, इस पर चर्चा चल रही है। हमारे दरवाजे टीएमसी के लिए हमेशा खुले हैं। ममता बनर्जी और टीएमसी ने कहा है कि वे इंडिया गठबंधन को मजबूत करना चाहते हैं और सबसे बड़ा मकसद बीजेपी को हराना है। दोनों पार्टियों के बीच तीखी बहस होती रहती है, लेकिन हम ममता बनर्जी का सम्मान करते हैं। साथ ही, उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा उन्हें सम्मान दिया है। कांग्रेस ने ही उन्हें सांसद बनाया और कांग्रेस के साथ ही वह काफी आगे बढ़ी हैं। कुछ निजी कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ दी, लेकिन आज भी उनकी पार्टी का नाम तृणमूल कांग्रेस है। पार्टी छोड़ने के बाद भी उनकी विचारधारा कांग्रेस से ही जुड़ी हुई है।



### गोवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सावंत पर वेदांता के साथ गुप्त सौदा करने का आरोप लगाया



गोवा की कांग्रेस इकाई ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पर वेदांता के साथ गुप्त खनन सौदा करने का आरोप लगाया है। आरोपों के मुताबिक, गोवा सरकार ने वेदांता समूह को 80,000 टन लौह अयस्क निर्यात करने का काम सौंपा है, जबकि समूह को खनन बकाया के 165 करोड़ रुपये चुकाने बाकी हैं। विपक्षी कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने वेदांता के साथ एक गुप्त समझौता किया है। खान एवं भूवैज्ञानिक विभाग के निदेशक को लिखे पत्र में गोवा कांग्रेस ने विभाग से वेदांता समूह से 165 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने का अनुरोध किया और साथ ही विभाग से बकाया वसूल होने तक उन्हें कोई अन्य कार्य न सौंपने का भी आग्रह किया। विपक्ष ने यह भी कहा कि लगभग 80,000 मीट्रिक टन लौह अयस्क निर्यात के लिए तैयार था, और पहले का बकाया नहीं चुकाने से वेदांता पर बकाया राशि बढ़ जाएगी।उनके आरोपों के बाद, गोवा कांग्रेस ने भी भूवैज्ञानिक कार्यालय के बाहर राज्य सरकार और वेदांत समूह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए।

# महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत उनके खिलाफ जांच के संबंध में किसी भी गोपनीय या असत्यापित जानकारी को मीडिया में लीक करने से रोकने की मांग की गई थी।



न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसले में कहा कि ईडी ने स्पष्ट किया है कि उसने कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया। वहीं, जो भी समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई हैं वे सूत्रों के आधार पर आधारित हैं। ऐसे में ईडी को रोकने के लिए आदेश पारित नहीं किया जा सकता। मोइत्रा ने 19 मीडिया घरानों को उनके खिलाफ लंबित जांच के संबंध में किसी भी असत्यापित, अपुष्ट, झूठी, अपमानजनक सामग्री को प्रकाशित और प्रसारित करने से रोकने की भी मांग की थी। एथिक्स पैनल द्वारा कैश-फॉर-क्वेरी मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद मोइत्रा को पिछले साल दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। ईडी ने 14 और 20 फरवरी को फेमा के तहत मोइत्रा को समन जारी किया था।

# राहुल गांधी, सिद्धारमैया और शिवकुमार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने भेजा समन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

» बोम्मई सहित अन्य नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप





बेंगलुरु।बेंगलुरु की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दायर एक मामले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को समन जारी कर 28 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा। विशेष न्यायाधीश जे प्रीत ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी और विभिन्न आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का भी निर्देश दिया।

भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपने नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप लगाया था। पिछले साल कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने भाजपा पर '40 प्रतिशत भ्रष्टाचार' का आरोप लगाया था और तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अखबारों में कई विज्ञापन दिए थे। शहरभर में तत्कालीन मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ 'पे-सीएम' पोस्टर प्रदर्शित करके बोम्मई को लक्षित करते हुए एक पोस्टर अभियान भी शुरू किया गया था। कांग्रेस ने पूर्व सरकार के खिलाफ 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' भी प्रकाशित किया था। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने विज्ञापनों से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पार्टी के वकील विनोद कुमार ने अदालत में दलील दी कि 'झूठे' विज्ञापनों से भाजपा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

### विप में 10 प्रतिशत टैक्स वाला विधेयक खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने 1 करोड़ से अधिक राजस्व वाले मंदिरों की आय पर 10 प्रतिशत टैक्स वाला विधेयक राज्य विधान परिषद में पेश किया था, जिसे खारिज कर दिया गया है। बता दें कि दो दिन पहले इस विधेयक को राज्य विधानसभा में पारित कर दिया गया था। कर्नाटक में इस विधेयक ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है और बीजेपी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वो राज्य में एंटी-हिंदू रणनीतियां अपना रही है। कर्नाटक में विधान परिषद या उच्च सदन में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संख्या सत्तारूढ़ सरकार से अधिक है. कांग्रेस के पास 30 एमएलसी हैं, बीजेपी के पास 35 एमएलसी हैं, आठ एमएलसी जद (एस) से हैं और एक स्वतंत्र उम्मीदवार है. परिषद में एक सीट खाली है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि बीजेपी को यह समझना चाहिए कि यह विधेयक मंदिरों के लाभ के लिए है, उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार छोटे मंदिरों की मदद करने की कोशिश कर रही है, तो बीजेपी गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

# बर्फबारी और पछुआ हवा से रात का पारा लुढ़का

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और पछुआ हवा का असर रात के पारे पर दिख रहा है। न्यूनतम तापमान प्रदेश के कई इलाकों में गिरा। इसमें चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आने वाले दिनों में फिलहाल ऐसा ही मौसम रहेगा।

बाराबंकी में बृहस्पतिवार को रात का पारा 15 डिग्री था, जबकि शुक्रवार को ये 12 डिग्री रहा। इसी तरह कानपुर शहर में 12.6 से 9.6 डिग्री हो गया। नजीबाबाद में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज किया गया। बहराइच में ये 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अयोध्या में तापमान 14 डिग्री से लुढ़ककर 8 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव धूप खिलने के कारण नहीं है। दिन का अधिकतम तापमान प्रदेश में 23 डिग्री से 29..4 डिग्री के बीच रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 27 को पूरे प्रदेश में हवा, बारिश, गरज-चमक के आसार हैं।

# रूट के 31वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड संभला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। लंबे समय बाद जो रूट को पुराने अंदाज में देखने का मौका मिला है। रांची में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने अपना 31वां टेस्ट शतक जड़ा। अपनी खराब बल्लेबाजी और बैजबॉल स्टाइल के कारण लगातार आलोचकों का शिकार हो रहे रूट ने अपने शतक से सबका मुंह बंद कर दिया है। इस शतक के साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टीव स्मिथ के बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। रांची टेस्ट के पहले दिन रूट का शतक अहम समय पर आया है।

दरअसल, इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले सेशन तक टीम ने अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। जिसके बाद रूट ने बेन फॉक्स के साथ मिलकर टीम को मुश्किल समय से उबारने का काम किया है। रूट और फॉक्स ने 113 रनों की अहम साझेदारी निभाई। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कैरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने जबर्दस्त संयम का परिचय देते हुए अपनी पारी में नौ चौके लगाये। इसी शतक की बदौलत रूट ने अपने नाम रिकॉर्ड भी दर्ज करवा लिया है। रूट टेस्ट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 10 टेस्ट शतक जड़े हैं और इस लिस्ट में उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। अब वो पहले नंबर पर काबिज हो गए हैं जबकि स्मिथ के बल्ले से भारत के खिलाफ 9 ही शतक निकले हैं और वो दूसरे नंबर पर हैं।



स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

### महिला प्रीमियर लीग में मुंबई का जीत से आगाज

महिला प्रीमियर लीग 2024 का आगाज हो गया। गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और पहली महिला प्रीमियर लीग की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। मुंबई ने जहां मुकाबला छोड़ा था वहीं से आगाज किया। उद्घाटन मुकाबले में मुंबई ने दिल्ली को 4 विकेट से हराया। एस संजना ने आखिरी गेंद पर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। मुंबई को जीत के लिए 172 रनों का लक्ष्य मिला था। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। हेली मैथ्यू बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद यास्तिका ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। नैट सिवर ब्रंट के साथ मिलकर पारी को संभाला। यास्तिका ने 45 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। इससे पहले डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बहुत धीमी रही। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर का टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय टीम के पक्ष में रहा। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज शबनम इस्माइल ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर ही ओपनर शेफाली वर्मा को बोल्ड कर दिल्ली को बैकफुट पर भेज दिया।



# राकांपा का 'तुरा' विरोधियों में बढ़ाएगा डर : शरद पवार

## शरद पवार ने लॉन्च किया पार्टी का नया चुनाव चिह्न

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट को चुनाव आयोग ने नया चुनाव चिह्न दे दिया है। उन्हें तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति चुनाव निशान आवंटित किया गया है। पार्टी ने आज अपना चुनाव चिह्न लॉन्च किया है। राकांपा-शरद पवार गुट के नए चुनाव चिह्न पर पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हैं।

उन्होंने कहा, साल 1999 में जब राकांपा का गठन हुआ था, तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं था। लेकिन जनता ने उस चुनाव में शरद पवार को याद रखा था। अब हमारे पास सोशल मीडिया और पार्टी कार्यकर्ता भी हैं और पिछले छह महीनों में



जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हुई है। जनता उनका समर्थन करेंगी।

आगामी चुनाव को लेकर हमें कोई परेशानी नहीं है। शरद पवार गुट के राकांपा नेता महेश तापसे ने बताया, पार्टी का नया चिह्न शरद पवार की उपस्थिति में रायगढ़ के किले में लॉन्च किया गया है। पार्टी का नया चिह्न तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति है। महाराष्ट्र में शरद पवार की तुतारी बजते ही विरोधियों के दिलों में डर पैदा हो जाएगा।

दरअसल, अजित पवार की बगावत के बाद असली पार्टी का फैसला उनके पक्ष में किया गया था, जिसके चलते शरद गुट को नया चुनाव निशान देना पड़ा है। नया चुनाव चिह्न मिलने पर एनसीपी शरदचंद्र पवार ने कहा था कि ये हमारे लिए गर्व की बात है। बता दें कि 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली एनसीपी करार दिया था। चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चिह्न घड़ी अजित पवार गुट को सौंप दिया था।

# तालाब में गिरी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली, 20 की मौत

### कासगंज में बड़ा हादसा : मृतकों में सात बच्चे शामिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। तालाब में जाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें ज्यादातर श्रद्धालु दब गए। इस हादसे में 20 से अधिक लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

कई गंभीर घायल श्रद्धालुओं का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है और कुछ को रेफर किया गया है। घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा तफरी का महौल बना हुआ है। डीएम, एसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। परिवारों में चीत्कार मचा हुआ है।



### दर्दनाक मंजर से सहमें सब

मृतकों में एक एक परिवार के कई कई लोग शामिल हैं। प्रशासन के द्वारा अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि सात बच्चे और आठ महिला पटियाली के सीएचसी पर मृतक घोषित किए गए हैं। एंबुलेंस से जो अन्य घायल जिला अस्पताल लाए गए हैं उनका परीक्षण चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। स्थिति अधिक गंभीर है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि



जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि भेज्जी थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना पर डीआरजी के जवानों को गश्त पर रवाना किया गया था।

सुरक्षाबल के जवान जब बुर्कलंका गांव के करीब पहुंचे तब नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। बाद में जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब एक नक्सली का शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

फोटो: सुमित कुमार



**सरकार ने मानी मांगे**

यूपी में 17 और 18 फरवरी को हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए हजारों अभ्यर्थियों ने शनिवार को भी प्रदर्शन किया और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की। जिसे सरकार ने मान ली, और परीक्षा रद्द कर दी।

# ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर 'सुप्रीम' सवाल

### कोर्ट ने पूछा- समन को लेकर इतनी बेचैनी क्यों

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के जिला कलेक्टरों को ईडी द्वारा जारी किए गए समनों के संचालन पर रोक लगा दी थी। ईडी ने 2002 में तमिलनाडु में दर्ज कई एफआइआर और प्राप्त जानकारी पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी।

# जलकल विभाग कर रहा लोगों से छल


### सीवर की व्यवस्था बरसात से पहले ध्वस्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ खाने को तो स्मार्ट सिटी में गिनी जाती है लेकिन स्मार्ट सिटी में दाग लगाने का काम जलकल विभाग और सुएज-5 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है। राजधानी लखनऊ की जनता कहती है अभी बरसात का मौसम आने में कई महीने बाकी है लेकिन राजधानी लखनऊ की सीवर की व्यवस्था मानो बरसात के मौसम जैसी हो।

राजधानी के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर सीवर की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सीवर की समस्या इसलिए भी खत्म नहीं हो रही है क्योंकि कागजी कंपनी सिर्फ कागजों में सीवर मेंटेनेंस और सफाई का काम करती है जबकि धरातल पर सिर्फ ढक्कन बदलने का काम किया जाता है।





### निजी कंपनी को किया जा रहा करोड़ों का भुगतान

सुएज को मेंटेनेंस के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए का बजट दिया जाता है बदले में आम जनता को मिलता है सड़क पर बदबूदार सीवर का पानी। प्राइवेट कंपनी से काम करने की जिम्मेदारी जलकल विभाग की होती है ऐसे में जलकल विभाग भी कहीं ना कहीं लापरवाह बना हुआ है और प्राइवेट कंपनी को मोटी कमाई कर रहा है यही नतीजा है की राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में सीवर की समस्या से आमजन बेहाल है। जून 1 के नजर बाग का इलाका हो या फिर यदुनाथ सान्याल वार्ड में सीवर सड़क पर बहता दिखाई देगा। इतना ही नहीं जगदीश चंद्र बोस वार्ड में सीवर सालों से चौंक पड़े हैं जनता शिकायत करती है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है स्थानीय निवासी सुनील के मुताबिक की सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है और खाना पूर्ति कर कंपनी के कर्मचारी चले जाते हैं और सीवर की समस्या जस की तस बनी रहती है। सीवर की समस्या स्मार्ट सिटी को भी बदनाम करने पर तुली हुई है आखिर क्यों जिम्मेदार कंपनी की गैर जिम्मेदार हरकत पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।